>

Title : Need to obtain revised estimates for road projects under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana to attract bidders for road projects in Khagaria and Saharsa districts, Bihar.

श्री दिनेश चन्द्र यादव (खगड़िया): बिहार राज्य के खगड़िया एवं सहरसा जिला अंतर्गत प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क निर्माण का कार्य केन्द्रीय एजेंसी एनबीसीसी द्वारा किया जाता है। उक्त जिलों में इस योजना के अंतर्गत सड़क/पुल का डी.पी.आर. दो तीन वर्ष पूर्व बनकर तैयार हुआ है लेकिन पुराने दर पर आज के दिन निर्माणकर्ता कंपनियां काम नहीं लेना चाहती हैं, जिससे इन जिलों में सड़क एवं पुलों का निर्माण नहीं हो रहा है।

अतः जनहित में पुराने दर पर बने डी.पी.आर. की दर को नये सिरे से सुधार कर सड़क/पुल का निर्माण कराया जाये।